दिनांक : 18.03.2026 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

पीएम मोदी- राज्यसभा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राज्यसभा में सेवानिवृत्त हो रहे सांसदों के विदाई सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजनीति में कभी पूर्ण विराम नहीं लगता। उन्होंने सभी निवर्तमान सांसदों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मौकों पर दलगत भावना से ऊपर उठकर सभी के मन में एक समान भाव आता है।

नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवी समागम

मध्यप्रदेश नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवी समागम 2026 का समापन आज भोपाल के जहांगीराबाद स्थित होमगार्ड्स परेड ग्राउंड में किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। समागम में स्वयंसेवकों ने आपदा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न डेमो प्रस्तुत किए।

मुख्यमंत्री - हरदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज हरदा के नेहरू स्टेडियम में किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। यह सम्मेलन कृषि आधारित कौशल विकास और कस्टम हायरिंग पर केंद्रित है। इस मौके पर मुख्यमंत्री करीब 200 करोड़ रुपये के 36 विकास कार्यों का लोकार्पण और 5 नए कार्यों का भूमि पूजन भी करेंगे।

जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में कल से जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन में शिप्रा नदी के तट से इस अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ करेंगे। यह 100 दिवसीय अभियान गंगा दशमी यानी 30 जून तक चलेगा। इस दौरान प्रदेश भर में नदियों, तालाबों, कुओं और बावड़ियों की सफाई और जीर्णोद्धार के साथ ही 10 हजार से अधिक चेक डैम और स्टॉप डैम का संधारण किया जाएगा। अभियान के तहत ढाई हजार करोड़ रुपये के जल संरक्षण कार्य किए जाने का लक्ष्य है।

इंदौर आग- सात की मौत

इंदौर में आज तड़के एक भीषण आग में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हैं। बंगाली स्क्वायर के पास तीन मंजिला इमारत में घर के बाहर चार्ज हो रही इलेक्ट्रिक कार में शॉर्ट सर्किट से आग लगी और पूरी इमारत चपेट में आ गई। एलपीजी सिलेंडर फटने से इमारत का एक हिस्सा भी ढह गया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मौके पर पहुंचकर जांच समिति बनाने और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग के लिए नई एसओपी लाने की बात कही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस हादसे को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

हिंदू नव वर्ष

कल 19 मार्च से हिंदू नव वर्ष और चैत्र नवरात्रि की शुरुआत होगी। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नए साल का आगाज होता है। मान्यता है कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना शुरू की थी। महाराष्ट्र में इसे गुड़ी पड़वा और दक्षिण भारत में उगादी के रूप में मनाया जाता है। यह दिन नई ऊर्जा, नए संकल्प और देवी शक्ति की आराधना का पर्व है।

मौसम

प्रदेश में अगले चार दिन मौसम बदला-बदला रहेगा। तेज आंधी और बारिश का दौर कल से 21 मार्च तक चलेगा। ग्वालियर समेत 13 जिलों में आज अलर्ट जारी है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और जबलपुर में भी बादल और बारिश आ सकती है। लेकिन 22 मार्च के बाद गर्मी फिर लौटेगी और मार्च के आखिर तक पारा 40 डिग्री के पार जा सकता है।

समाचार संक्षेप में :-

- आगरमालवा जिले में आज से 24 मार्च तक समाधान योजना के तहत महाशिविर लगाए जाएंगे।
- शिवपुरी जिले में रोटरी क्लब और श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन द्वारा वृहद स्वास्थ्य शिविर जारी है।
- आयुध निर्माणी कटनी मे आज आयुध निर्माणी दिवस कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा धूमधाम से मनाया गया
- सतना जिले के चित्रकूट—में आज— चैत्र अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदाकिनी नदी में डुबकी लगा कर कामदगिरि की परिक्रमा लगा रहे है।
- झाबुआ जिले के पारा क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा विभाग के विशेष अभियान के तहत चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से मौके पर ही खाद्य पदार्थों की जांच की गई।

....